अध्याय 21

इसहाक और इश्माएल में तनाव

21 अध्याय का पहला भाग पुत्र की प्रतिज्ञा के इर्द गिर्द घूमता है। बहुत लम्बी प्रतीक्षा के बाद, इसहाक का आना, कोई संदेह नहीं कि अब्राहम और सारा के परिवार में आनन्द लाया। फिर भी, क्योंकि वह अपने सम्बन्ध में परमेश्वर की प्रतिज्ञा को पूरा होते हुए देखते हैं, अब्राहम पहले ही से इश्माएल का पिता बन गया था, सारा की दासी हाजिरा से उत्पन्न उसका पुत्र। इसके परिणाम से परिवार में कलह उत्पन्न हो गया। इसलिए, इसहाक का आगमन,यह न केवल बड़े उत्साह को ही लाया परन्तु हाजिरा और इश्माएल के निकाले जाने में अति कलह को समाप्ति तक भी पहुँचाया।

इस अध्याय का बाद का भाग एक कहानी को प्रस्तुत करता है जो अब्राहम और अबीमेलेक, पलिश्ती राजा पर केन्द्रित है। दो मनुष्यों ने एक दूसरे के साथ और उनकी भावी पीढ़ी के साथ विश्वासयोग्यता और दया के साथ व्यवहार करने के लिए बेर्शबा में वाचा बांधी।

इसहाक का जन्म (21:1-7)

[1]सो यहोवा ने जैसा कहा था वैसा ही सारा की सुधि लेके उसके साथ अपने वचन के अनुसार किया। [2]सो सारा को अब्राहम से गर्भवती हो कर उसके बुढ़ापे में उसी नियुक्त समय पर जो परमेश्वर ने उससे ठहराया था एक पुत्र उत्पन्न हुआ। [3]और अब्राहम ने अपने पुत्र का नाम जो सारा से उत्पन्न हुआ था इसहाक रखा। [4]और जब उसका पुत्र इसहाक आठ दिन का हुआ, तब उसने परमेश्वर की आज्ञा के अनुसार उसका खतना किया। [5]और जब अब्राहम का पुत्र इसहाक उत्पन्न हुआ तब वह एक सौ वर्ष का था। [6]और सारा ने कहा, परमेश्वर ने मुझे प्रफुल्लित कर दिया है; इसलिये सब सुनने वाले भी मेरे साथ प्रफुल्लित होंगे। [7]फिर उसने यह भी कहा, कि क्या कोई कभी अब्राहम से कह सकता था, कि सारा लड़कों को दूध पिलाएगी? पर देखो, मुझ से उसके बुढ़ापे में एक पुत्र उत्पन्न हुआ।

आयत 1. अपनी प्रतिज्ञा के पुत्र के लिए 25 वर्ष प्रतीक्षा करने के बाद, **यहोवा ने जैसा कहा था सारा की सुधि ली, शब्द "सुधि ली"** की अभिव्यक्ति इब्रानी शब्द פָּקַד *(पाकाद)* का अनुवाद है, जिसका अर्थ है **"**भेंट करना।**"** बाइबल में प्राकृति और मानवीय घटनाओं में परमेश्वर के हस्तक्षेप के विचार को व्यक्त

करने का यह एक आम रूपक है। कभी कभी यह करुणामयी और लाभकारी भेंट होती थी जैसा कि यहाँ पर है (देखें 50:24, 25; निर्गमन 4:31; रूत 1:6; भजन 8:4); अन्य घटनाओं में यह अनुशासनात्मक दण्ड होता था जैसा कि दस आज्ञाओं में चितौनी के शब्द के रूप में दर्शाया गया है (निर्गमन 20:5; व्यव. 5:9)। परमेश्वर ने कहा था कि सारा के एक पुत्र होगा (17:19; 18:10), और अब **जैसा परमेश्वर ने** [उसको] **कहा था वैसा ही किया**। एक बड़े आश्चर्यकर्म के द्वारा परमेश्वर की प्रतिज्ञा के पूरे होने के लिए इस बाइबल अंश पर बल दिया गया है।

आयत 2. स्त्रियों से यहोवा की भेंट बाइबल इस अभिव्यक्ति का प्रयोग करती है जिसमें - हन्नाह (1 शमूएल 2:21), एलिजाबेथ (लूका 1:68) और सारा - शामिल हैं जो परिणाम स्वरूप गर्भवती हुईं और सन्तान को जन्म दिया। परन्तु इस तरह के बच्चों का दिव्य पितृत्व का विचार नहीं है, जैसे मूर्तिपूजक देवताओं का, जिनके विषय में कहा गया स्त्रियों से लैंगिक रूप से भेंट की। परन्तु, यह तो भाषा का एक अलंकार है, अर्थ यह कि परमेश्वर ने इस तरह की स्त्रियों को बांझपन की स्थिति से छुड़ाया और गर्भधारण करने की क्षमता दी। 21:2 में इस संदर्भ पर ज़ोर दिया गया है, जो बताता है कि **सारा गर्भवती हुई और बुढ़ापे में अब्राहम के लिए पुत्र को जन्म** दिया। इस मामले में, उनके बुढ़ापे के कारण, मरी हुई की सी दशा जानकर यहोवा की भेंट ने दोनों ही पति और पत्नी में नये प्राण भर दिए (रोमियों 4:19)। इसी कारण से, बाइबल अंश इस बात पर ज़ोर देता है कि सारा के गर्भ का फल "पुत्र" था जो कि कुलपति के बुढ़ापे में जन्मा। **यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि प्रतिज्ञा किए हुए बच्चे का जन्म ठहराए हुए समय पर हुआ जो परमेश्वर ने उसे कहा था** (देखें 17:21; 18:14)।

आयत 3. जैसा कि **अब्राहम** को पहले इश्माएल का नाम दिया गया था (16:15), अब उसने उसके पुत्र का नाम परमेश्वर के द्वारा पिछले वर्ष दिए गए आदेश के प्रति सारा के प्रत्युत्तर के आधार पर नाम दिया। **उसने लड़के का नाम इसहाक दिया** ("वह हँसा"), जो वही नाम था जो परमेश्वर ने उसके गर्भधारण से भी पहले रखा था (17:19)। यह नाम उपयुक्त था क्योंकि अब्राहम और सारा दोनों ही अपने बुढ़ापे में प्रतिज्ञा किए हुए बच्चे को लेकर अविश्वास से हँसे थे (17:17; 18:12)।

आयत 4. बाइबल अंश इसहाक के जन्म के समाचार पर कुलपति की प्रसन्नता की भावना के विषय विवरण नहीं देता है। उसकी ज़रूर ही ऐसी प्रतिक्रिया होगी, क्योंकि यह उसके लम्बे समय से चली आ रही और अवास्तविक दिखाई देने वाले सपना साकार हुआ था। हम यह जानते हैं, जैसे परमेश्वर ठहराए हुए समय में पुत्र के विषय अपनी प्रतिज्ञा को पूरा करने में विश्वासयोग्य था, उसी तरह से **अब्राहम अपने पुत्र इसहाक के खतने के विषय विवेकशील था, जब वह आठ दिन का हुआ जैसा परमेश्वर ने उसे आदेश दिया था**। इस विषय में कुलपति मूसा से भिन्न था, जिसने बाद में अपने पुत्र के खतने को अनदेखा किया जब तक कि वह बड़ा नहीं हो गया था (निर्गमन 2:21, 22; 4:24-26)।

आयत 5. प्रश्न जो अब्राहम ने एक वर्ष पहले किया था (17:17) - "क्या सौ वर्ष के व्यक्ति के बच्चा होगा?" - उसका उत्तर मिल गया था। जो स्वाभाविक दृष्टिकोण से तो असम्भव था वास्तव में परमेश्वर की सामर्थ के द्वारा हुआ। **कुलपति एक सौ वर्ष का था जब इसहाक का जन्म हुआ।**

आयत 6. बच्चे के जन्म पर, **सारा** ने खुशी के मारे गीत कहा उस विषय में जो कुछ परमेश्वर ने उसके लिए किया था। उसने कहा, **"परमेश्वर ने मुझे प्रफुल्लित कर दिया है; इसलिये सब सुननेवाले भी मेरे साथ प्रफुल्लित होंगे।"** यहाँ उसने इसहाक के नाम के साथ शब्दों पर एक नाटक खेला। पहले यह नाम अविश्वास की हँसी के साथ जुड़ा हुआ था (17:17-19; 18:12-15)। अब, उसने हँसी की बहुतायत का अनुभव किया; और उसने विश्वास किया कि जिसने भी वृद्ध स्त्री के बच्चा जनमाने की कहानी सुनी उसके साथ हँसेगा - "उस पर नहीं" जैसा कि कुछ लोगों ने इस कथन का व्याख्यान किया है। उपहास की हँसी का विचार पूर्णतः संदर्भ से बाहर है। सारा प्रत्यक्ष रूप से परमेश्वर के ज़बरदस्त कार्य के भय में आनन्दित हुई थी, जिसने दो वृद्ध लोगों को माता पिता बना दिया था।[1]

आयत 7. इसके अतिरिक्त, सारा अपने बड़े आनन्द की घोषणा करती रही जो इसहाक का जन्म लेकर आया था। अपने गर्भधारण की अयोग्यता की निराशा और खालीपन को महसूस करने के स्थान पर, उसने अपने मातृत्व की प्रसन्नता को एक प्रश्न के साथ प्रकट किया: **"क्या कोई कभी अब्राहम से कह सकता था, कि सारा लड़कों को दूध पिलाएगी?"** हाँ यह प्रश्न निस्संदेह, नकारात्मक उत्तर की आशा करता है: "नहीं कोई नहीं, साधारण परिस्थितियों में तो नहीं, क्या कोई अब्राहम को ऐसा समाचार देने की आशा करेगा कि सारा ने अभी ही पुत्र को जन्म दिया है और वह उसे दूध पिला रही है।" वास्तव में, उनकी इस आयु में बच्चा होने का सुझाव इतना संदेहजनक था कि दोनों ही कुलपति और उसकी पत्नी इस तरह की आशा को लेकर परमेश्वर पर अपने अविश्वास को व्यक्त कर चुके थे। परन्तु, "असम्भव सम्भावना" हो गई थी, और सारा प्रसन्नता से चिल्ला उठी, **"मुझ से उसके बुढ़ापे में एक पुत्र उत्पन्न हुआ।"**

सारा की ईर्ष्या (21:8-14)

[8]और वह लड़का बढ़ा और उसका दूध छुड़ाया गया: और इसहाक के दूध छुड़ाने के दिन अब्राहम ने बड़ी जेवनार की। [9]तब सारा को मिस्री हाजिरा का पुत्र, जो अब्राहम से उत्पन्न हुआ था, हंसी करता हुआ देख पड़ा। [10]सो इस कारण उसने अब्राहम से कहा, इस दासी को पुत्र सहित बरबस निकाल दे: क्योंकि इस दासी का पुत्र मेरे पुत्र इसहाक के साथ भागी न होगा। [11]यह बात अब्राहम को अपने पुत्र के कारण बुरी लगी। [12]तब परमेश्वर ने अब्राहम से कहा, उस लड़के और अपनी दासी के कारण तुझे बुरा न लगे; जो बात सारा तुझ से कहे, उसे मान, क्योंकि जो तेरा वंश कहलाएगा सो इसहाक ही से चलेगा। [13]दासी के पुत्र

से भी मैं एक जाति उत्पन्न करूंगा इसलिये कि वह तेरा वंश है। [14]सो अब्राहम ने बिहान को तड़के उठ कर रोटी और पानी से भरी चमड़े की थैली भी हाजिरा को दी, और उसके कन्धे पर रखी, और उसके लड़के को भी उसे दे कर उसको विदा किया: सो वह चली गई, और बेर्शेबा के जंगल में भ्रमण करने लगी।

इसहाक का जन्म अब्राहम और सारा के लिए बड़े आनन्द को लाया। परन्तु, घराने के प्रत्येक व्यक्ति ने उसका स्वागत नहीं किया।

आयत 8. वृद्ध कुलपति और उसकी पत्नी ने अपने प्रतिज्ञा किए हुए **बच्चे** को बढ़ते हुए देखा जब तक उसका **दूध छुड़ाया गया। तब अब्राहम ने उस दिन एक बड़ उत्सव किया।** प्राचीन निकटपूर्व द्वेषों में बच्चे को तीन वर्ष की आयु में दूध छुड़ाया जाता था और उस समय एक उत्सव किया जाता था।[2]

आयत 9. इस अवसर पर, भले ही उत्सव थोड़े समय का था, यह **सारा** के लिए कष्ट था, ज्यों ही उसके और **हाजिरा** के बीच पुरानी शत्रुता एकबार फिर भड़क उठी। वह घटना जिसने उत्सव को बाधित कर दिया वह थी इश्माएल की शैली, तब एक सोलह या सत्रह वर्ष का युवक,[3] इसहाक के साथ "खेल रहा" (NRSV) था या इसहाक की "हँसी उड़ा" (NEB) रहा था, जो अभी छोटा बच्चा ही था। एनऐएसबी कुछ गहन बात बताता है कि सारा ने इश्माएल को अपने बच्चे צָחַק *(ज़खाक)* की **हँसी** उड़ाते हुए देखा। शब्द इसहाक के संदर्भ के आधार पर कई सम्भावित अर्थ हैं। परन्तु, यहाँ "हँसी" उड़ाना इस शब्द की गहनता के लिए पर्याप्त नहीं है, क्योंकि पौलुस इस बाइबल अंश के अर्थ को समझ गया था कि इश्माएल ने इसहाक को "सताया" था (गला. 4:29)।[4] वास्तव में, हाजिरा के पुत्र ने बच्चे के साथ क्या किया, हम नहीं जानते; परन्तु सारा ने इश्माएल को अपने बच्चे के खतरे के रूप में देखा। कुछ लोगों ने इस बात पर ज़ोर दिया कि उसने मात्र छोटे बच्चे के साथ मज़ाक ही किया था, उसको यह कहने के द्वारा मानसिक पीड़ा पहुँचाई कि वह अब्राहम का सच्चा वारिस होने के पद को कभी प्राप्त नहीं करेगा। वहीं दूसरी ओर, इसहाक के साथ असभ्य खेल खेलते ("हानिकारक व्यवहार"[5]) हुए उसने अपशब्दों का प्रयोग किया हो।

आयत 10. जो भी सारा ने देखा उसने उसके अन्दर अपने पुत्र की शारीरिक क्षति की सम्भावना को देखा या उसने इश्माएल की क्रिया को भविष्य में हिंसा की चेतावनी के रूप में देखा जो उसके पुत्र के जीवन के लिए खतरा हो सकती थी। इसलिए, उसने अपने पति से बिनती की, **"इस दासी को पुत्र सहित बरबस निकाल दे: क्योंकि इस दासी का पुत्र मेरे पुत्र इसहाक के साथ भागी न होगा।"**

जब सारा ने अब्राहम को हाजिरा और इश्माएल को "बाहर निकालने" के लिए याचना की, उसने גָּרַשׁ *(गराश)* शब्द का प्रयोग किया। यह वही शब्द है जो 3:24 में है, जब परमेश्वर ने "आदम को अदन की वाटिका से बाहर निकाला था।" यही शब्द एक बार फिर 4:14 में कैन के संदर्भ में पाया गया। जो कि "देश से बाहर निकाला गया।" 21:10 में, इसका अर्थ तलाक होता है, भले ही विवाह के विघटन के लिए यह शब्द पारिभाषिक रूप से दिखाई नहीं देता है जब कि मूसा

की व्यवस्था में इसका समावेश नहीं हुआ था (लैव्य. 21:7, 14; 22:13; गिनती 30:9; देखें यहेज. 44:22)।[6]

आयत 11. अब्राहम ने स्वयं को एक प्रकार की उलझन में पाया जिसका प्रायः बहुविवाह में अनुभव होता ही हैः उसको एक परिवार के बदले में दूसरे के प्रति निर्णय करना था। कहानीकार ने आंतरिक संघर्ष को चित्रित किया है जो इस कथन के द्वारा लागू होता है कि **यह बात अब्राहम को अपने पुत्र इश्माएल के कारण बुरी लगी**। अपने पहलौठे के लिए वृद्ध व्यक्ति का प्रेम बहुत गहरा था, और वह अपनी आत्मा में क्लेशित हो गया था और सारा की मांग से पीड़ा से भर गया था। जबकि परमेश्वर ने पहले ही से इसहाक को प्रतिज्ञा के पुत्र के रूप में निर्धारित कर दिया था जिसे वाचा अर्थात आशीष को लेना था (17:17-20; 18:9-15), सम्भवतः अब्राहम अचरज में था कि यह दो स्त्रियों शान्ति में क्यों नहीं रह सकतीं। परन्तु ऐसा दिखाई देता है कि उसकी दोनों पत्नियों के बीच की सड़नभरी शत्रुता का कभी भी समाधान नहीं हुआ; और अब सारा ने इश्माएल के शब्दों और कार्यों से इसहाक के प्रति खतरनाक ईर्ष्या को समझ लिया, कुलपति के घर की स्थिति का कोई इलाज नहीं था।

आयत 12. परमेश्वर ने **अब्राहम** को चेतायाः "**उस लड़के और अपनी दासी के कारण तुझे बुरा न लगे।"** इब्रानी शब्द (נַעַר, *नार)* जो "लड़के" लिए अनुवाद किया गया है वह किसी भी पुरुष बच्चे के लिए प्रयोग किया जा सकता है, किसी भी श्रेणी के लिए छोटे बच्चे से लेकर बड़े व्यक्ति तक। उदाहरण के लिए, *नार* शब्द शमूएल के लिए प्रयोग किया गया जब उसकी माँ ने उसका दूध छुड़ाया गया (1 शमूएल 1:24), यूसुफ के लिए जब सत्रह वर्ष का था (37:2), एकबार फिर यूसुफ के लिए जब वह तीस वर्ष का था (41:12, 46)। इश्माएल के लिए परमेश्वर के द्वारा "लड़का" बुलाया जाना इसका अर्थ यह नहीं कि तब वह इसहाक की तरह छोटा बच्चा ही था।

यह घराना कुछ ऐसी बातों से निपट रहा था जो व्यक्तिगत भावनाओं से बढ़कर महत्वपूर्ण थी। इसहाक वह स्रोत था जिसके द्वारा परमेश्वर कुलपति के वंशजों को आशीष देगा, अन्ततः संसार की सारी जातियों को। इसलिए, परमेश्वर ने अब्राहम को सारा के प्रति निर्देश दियाः **"जो बात सारा तुझ से कहे, उसे मान, क्योंकि जो तेरा वंश कहलाएगा सो इसहाक ही से चलेगा"** (देखें 12:2, 3; 17:19)। दूसरे शब्दों में, आशीर्वाद की वाचा में इसहाक का विशेष स्थान था और परमेश्वर के लोगों की आनेवाली पीढ़ियाँ अपनी वंशावली का अब्राहम इसहाक, प्रतिज्ञा का पुत्र से वर्णन करेंगी।

कई कारणों से हाजिरा और इश्माएल को निकालने के लिए परमेश्वर को अब्राहम की ताड़ना करनी पड़ी। (1) कुलपति को दोनों ही से प्रेम था, उसकी दासी पत्नी को और उसके पहलौठे पुत्र को निकालने से उसका हृदय टूट गया था। (2) अब्राहम ने हो सकता है विचार किया था पिछली बार जब उसने सारा की बात मानी थी, हाजिरा से पुत्र होने की बात पर सहमति। सारा की योजना और

अब्राहम का इसमें भागी होना उनकी ओर से विश्वास की कमी को दर्शाया, और इसने उनके परिवार में बहुत सी समस्याओं को खड़ा किया (16:1-6)। (3) प्राचीन पूर्वी देशों की सामाजिक प्रथाओं के अनुसार जिनके अधीन अब्राहम ने अपना जीवन व्यतीत किया था, पारिवारिक मामलों का निर्णय करने का अधिकार उसे था उसकी पत्नी को नहीं। इस कारण से, परमेश्वर ने उसे अपने पत्नी की अधीन होने का आदेश दिया क्योंकि वे परमेश्वर की दिव्य योजना के साथ अधिक सहमत थे बजाए कुलपति की उन बातों से।

आयत 13. सारांश में, परमेश्वर ने उस प्रतिज्ञा को दोहराया जो उसने इश्माएल के सम्बन्ध में 17:20 में अब्राहम से की थी: "मैं उसे भी बड़ी जाति बनाऊँगा।" कुलपति को निश्चित करने के लिए कि उसका पहलौठा वह और उसकी माता निकाले जाने के बाद नाश नहीं होगा, परमेश्वर ने जोड़ा, **"दासी के पुत्र से भी मैं एक जाति उत्पन्न करूंगा इसलिये कि वह तेरा वंश है।"** इस तरह से परमेश्वर ने कुलपति के परेशान हृदय को अपने सांत्वना भरे शब्दों से शान्त किया। परमेश्वर ने पद 13 में इश्माएल के लिए की गई प्रतिज्ञा को पहले के आश्वासन के साथ जोड़ा जो उसने पद 12 में इसहाक के सम्बन्ध में दी थी।

आयत 14. अब्राहम निस्संदेह उस रात सोया नहीं जब अपनी दासी पत्नी और अपने पहलौठे पुत्र को निकालने के हृदय विदारक कार्य का सामना कर रहा था। उसे एक छोटी सी आशा थी कि क्या वह उनको फिर कभी देख सकेगा। रात भर की बेचैनी के अपवाद के साथ, कुलपति चाहता था कि हाजिरा और इश्माएल सुबह ठण्डे ठण्डे ही अपनी यात्रा आरम्भ करें ताकि वह दोपहर की गर्मी असहनीय होने पहले पहले दूरी तय कर लें। इसलिए, बाइबल अंश बताता है कि सो **अब्राहम ने बिहान को तड़के उठकर रोटी और पानी से भरी चमड़े की थैली भी हाजिरा को दी।**

पाठक हैरान भी हो सकता है कुलपति ने अपने परिवार के सदस्यों को जंगल की यात्रा के लिए रोटी और पानी[7] से अधिक और कुछ क्यों नहीं दिया। क्या वह उनको रास्ते के लिए कुछ अतिरिक्त सामान देने की आशा कर रहा था? क्या अब्राहम के अन्दर को गुप्त इरादा था कि वे दूर तक यात्रा न करें, यह सोचते हुए कि सारा का क्रोध शीघ्र ही ठण्डा पड़ जाएगा और फिर वे घर वापिस आ जाएँगे?

सम्भावना के साथ, दुखी पति और पिता को यह याद आ रहा था कि पहले, जब हाजिरा जंगल की ओर भाग गई थी, "परमेश्वर के दूत ने उसे पानी के चश्मे के पास पाया" और उसे घर वापिस भेज दिया था (16:7-14)। क्या उसका और इश्माएल का इस बार भी वही अनुभव होगा? बेशक, हम नहीं जानते क्या-क्या विचार कुलपति के मन में दौड़ रहे होंगे; परन्तु, वे विचार चाहे कैसे भी थे, चिलचिलाते जंगल[8] में यात्रा के लिए उसने एक दिन की यात्रा से अधिक पानी नहीं दिया। उसने सोच लिया होगा कि किसी न किसी तरह से परमेश्वर हस्तक्षेप करेगा और उस ऊसर भूमि में उनको नाश होने से बचाए रखेगा।

इस कथन पर एक अन्य प्रश्न खड़ा होता है कि अब्राहम ने **उसके कन्धे पर रखी, और उसके लड़के को भी उसे देकर उसको विदा किया**। वास्तव में हाजिरा के कन्धे पर क्या था? LXX और सीरियन पिशत्ता अनुवाद सुझाते हैं कि रोटी और पानी के अतिरिक्त, अब्राहम ने बच्चे (इश्माएल) को उसके कन्धे पर डाल दिया था। कई आधुनिक टीका और अनुवाद इसी तरह का अनुवाद देते है (RSV; NRSV; NEB; REB; NAB; JB; NJB; TEV; NJPSV; NCV; CEV; ESV)। इसके अतिरिक्त, कुछ बाइबल समीक्षक इस विचार के समर्थन के लिए इस कथन पर कहते हैं कि उत्पत्ति के लेखक ने विरोधाभावी स्रोतों का प्रयोग किया जब उसने इस कहानी को लिखा। तर्क यह दिया गया कि हाजिरा किशोरावस्था के बच्चे को अपने कन्धों पर उठाने के सक्षम नहीं थी; इसलिए इश्माएल हो सकता है उस समय छोटा बच्चा ही हो, 21:9 के विचार विमर्श और 16:1-4, 16 के कालक्रम के विपरीत।

भले ही इब्रानी वाक्य विन्यास कुछ हद तक अनुपयुक्त है, मात्र यही नहीं है या वचन को समझने का यही उत्तम उपाय नहीं है, जैसा कि NASB और NIV में स्पष्ट है। इब्रानी का शाब्दिक अर्थ ऐसा होगाः "अब्राहम भोर को उठा और उसने रोटी और पानी की थैली और उसने उनको हाजिरा कन्धे पर रख दिया और उसने उसे उस लड़के को दिया और उसे विदा कर दिया।"[9]

21:10 शब्द "निकाल देना" *(गराश)* की तरह अभिव्यक्ति "विदा करना" שָׁלַח *(शलाख)* का भी अर्थ "तलाक" ही है (व्यव. 22:19, 29; यशा. 50:1; यिर्म. 3:1; मलाकी 2:16)। फिर भी, यह बाद में प्रयोग किया गया शब्द पहल वाले की तरह सख्त दिखाई नहीं देता है। जबकि सारा चाहती है कि अब्राहम "दासी निकाल दे," उसने "उसे विदा किया।" अब्राहम की क्रिया द्वेषपूर्ण नहीं थी; इसकी बजाए उसने मात्र परमेश्वर की इच्छा के हाथ में सौंप दिया।

अगला कथन हाजिरा को निस्सहाय घुमक्कड़ के रूप में चित्रित करता है। **वह चली गई, और बेर्शेबा के जंगल में भ्रमण करने लगी**। अध्याय 16 के विपरीत जब वह चली गई और उसे मिस्र जाने का प्रयास किया, इस समय कहाँ जाना है उसके मन में था। वह और उसका पुत्र अलग थलक थे, कोई घर नहीं और उनकी सहायता के लिए या शरण देने के लिए कोई भी नहीं। वे प्राचीन कनान के दक्षिणी भाग बेर्शेबा के जंगल में भटकते रहे। अब्राहम स्पष्ट रूप से अभी भी गेरार के क्षेत्र में ही रह रहा था, जहाँ अबीमेलेक राजा था (देखें 20:1; 21:22-34)। सम्भवतः, निर्वासित लोग पूर्व में यात्रा कर रहे थे, सम्भव है उत्तरी अरब की ओर, वह क्षेत्र जो बाद में इश्माएल के वंशजों का निवास स्थान बन गया था (25:12-18)। तथ्य यह कि वे बेर्शेबा के जंगल में चल रहे थे किसी हद तक पुष्ट था क्योंकि नाम का पहला भाग "कुएँ" בְּאֵר *(बेएर)* का उल्लेख करता है। भले ही कुआँ वहीं पर था, हाजिरा उसे तब तक नहीं देख सकती जब तक कि दूत ने उसे यह दिखाया नहीं था।

हाजिरा के लिए दिव्य प्रतिज्ञा (21:15-21)

15जब थैली का जल चुक गया, तब उसने लड़के को एक झाड़ी के नीचे छोड़ दिया। 16और आप उससे तीर भर के टप्पे पर दूर जा कर उसके सामने यह सोचकर बैठ गई, कि मुझ को लड़के की मृत्यु देखनी न पड़े। तब वह उसके सामने बैठी हुई चिल्ला चिल्ला के रोने लगी। 17और परमेश्वर ने उस लड़के की सुनी; और उसके दूत ने स्वर्ग से हाजिरा को पुकार के कहा, हे हाजिरा तुझे क्या हुआ? मत डर; क्योंकि जहां तेरा लड़का है वहां से उसकी आवाज़ परमेश्वर को सुन पड़ी है। 18उठ, अपने लड़के को उठा और अपने हाथ से सम्भाल क्योंकि मैं उसके द्वारा एक बड़ी जाति बनाऊंगा। 19परमेश्वर ने उसकी आंखे खोल दी, और उसको एक कुआँ दिखाई पड़ा; सो उसने जा कर थैली को जल से भर कर लड़के को पिलाया। 20और परमेश्वर उस लड़के के साथ रहा; और जब वह बड़ा हुआ, तब जंगल में रहते रहते धनुर्धारी बन गया। 21वह तो पारान नाम जंगल में रहा करता था: और उसकी माता ने उसके लिये मिस्र देश से एक स्त्री मंगवाई।

आयत 15. क्योंकि हाजिरा और इश्माएल के पास जंगल की एक दिन यात्रा के लिए पर्याप्त पानी नहीं था, दोपहर की तपती गर्मी का उन पर बुरा प्रभाव हो रहा था। **जब थैली में पानी खत्म हो गया, और अब वह अपनी प्यास नहीं बुझा सकते थे, हाजिरा ने लड़के को एक झाड़ी के नीचे छोड़ दिया।** बाइबल अंश एक व्याकुल माँ के वर्णानात्मक दृश्य को दिखाती है जिसने अपने पुत्र को जंगल की झाड़ी की छाँव के नीचे छोड़ दिया। आशय यह है कि हाजिरा ने अपनी आशा खो दी थी और वह अपने पुत्र की शीघ्र मृत्यु की राह देखने लगी। उसको छाँव में रखने से वह चिलचिलाती धूप से कुछ राहत देने का प्रयास कर रही थी और जितना हो सकता था वह उसके जीवन के अन्तिम क्षणों को कुछ आरामदायक बनाना चाहती थी।

आयत 16. हाजिरा इश्माएल के दुख को झेल न सकी; **इसलिए वह दूर चली गई और उसके सामने तीर भर के टप्पे की दूरी पर बैठ गई**, अर्थात इतनी दूरी पर जितनी दूरी से कोई तीर चला सकता हो। ऐसा होने पर भी वह उसे देख नहीं सकती थी, हो सकता है कि वह उसके इतनी करीब थी जहाँ से वह सहायता के लिए उसकी चिल्लाहट को सुन सकती थी। यहाँ तक वह भी व्यर्थ ही था, क्योंकि व्यक्तिगत रूप से प्यासे गले, ऊष्माघात और शरीर में पानी की कमी से मरते हुए, गले से कोई आवाज़ निकलना भी असम्भव था। ज्यों हाजिरा बैठ गई, अपने पुत्र की मृत्यु की दूरी को रोकने में वह निस्सहाय थी, उसके मुँह से हताशा की प्रार्थना निकली: **"मुझ को लड़के की मृत्यु देखनी न पड़े।"** इश्माएल के जीवित रहने या उसकी अपनी एक ही आशा, कि वह दिव्य हस्तक्षेप में रख दे; इसलिए, वह चिल्ला चिल्ला के रोने लगी।

आयत 17. इस हृदयविदारक क्षण में, **परमेश्वर ने उस लड़के की सुनी; और उसके दूत ने स्वर्ग से हाजिरा को पुकार के कहा, "हे हाजिरा तुझे क्या हुआ?"** यह

निश्चय ही आलंकारिक प्रश्न के रूप में पूछा गया क्योंकि दूत ने उसे उत्तर देने का अवसर नहीं दिया। इसके स्थान पर, उसने अपने प्रश्न के तुरन्त बाद उसको उत्साहित करने के लिए शब्द थेः **"मत डर; क्योंकि जहां तेरा लड़का है वहां से उसकी आवाज़ परमेश्वर को सुन पड़ी है"** (16:11; 17:20 की टिप्पणी को देखें)। इस कथन का आश्वासन उस प्रश्न का उत्तर देता है कि अब्राहम ने क्यों अपने यह दो प्रियजनों को इस तरह के अपर्याप्त भोजन सामग्री देकर जंगल में भेज दिया (21:14)। अब तक उसके जीवन में, कुलपति का विश्वास इस सीमा तक पहुँच गया था कि वह देखरेख और उनकी कठिन यात्रा के लिए प्रावधान के लिए परमेश्वर विश्वास करने को तैयार था।

आयत 18. तब दूत ने इस तथ्य के लिए हाजिरा की आँखों को खोला कि उस निराशाजनक जंगल के बाहर इश्माएल का भविष्य था। उसने उसे बच्चे को उठाने के लिए चेताया उठ, **अपने लड़के को उठा और अपने हाथ से सम्भाल**। बाइबल अंश शाब्दिक रूप से कहता है, "अपने हाथ से सम्भाल" यह इब्रानी मुहावरा है जिसका अर्थ "अपना उत्साह उसे दो।"[10] तब स्वर्गिक वाणी ने प्रतिज्ञा को दोहराया जो दूत ने कई वर्ष पहले हाजिरा से की थी। इस समय परमेश्वर अपनी प्रतिज्ञा देने में और अधिक निश्चित था उसके पुत्र इश्माएल से **एक बड़ी जाति बनाऊँगा** (देखें 16:10-12)।

आयत 19. परमेश्वर न केवल इश्माएल को भविष्य में आशीषित करने का ही हितार्थी था, परन्तु वह उसकी वर्तमान में उसके शरीर में पानी की कमी की स्थिति के प्रति भी चिंताशील था, क्योंकि थैली का पानी बिलकुल खत्म हो चुका था। हाजिरा की प्रार्थना के उत्तर में, **परमेश्वर ने हाजिरा की आँखों को खोला और उसने पानी के कुएँ को देखा**। कुआँ तो हमेशा से ही वहीं पर था, जब से वह "बेर्शेबा के जंगल" में थे (21:14 की टिप्पणी को देखें)। परन्तु, ऐसा दिखाई देता है कि उसने पानी के स्रोत को ढूँढने की आशा खो दी थी और उसकी आँखों में इतने आँसू भरे हुए थे कि वह इसे देख नहीं पाई थी। इस बात में हाजिरा को दूत की और किसी बात के लिए निर्देश की ज़रूरत नहीं थी; उस ने जाकर थैली को जल से भरकर लड़के को पिलाया। कहानीकार हाजिरा की अपनी प्यास बुझाने के विषय कुछ नहीं कहता; इसके बजाए उसने एक माँ के चित्र को दर्शाया जिसका पहला काम अपने बच्चे को पानी पिलाना था। यह तो स्पष्ट है कि इश्माएल के तरोताज़ा होने के बाद ही उसने जीवन दायक पानी को पीया होगा।

आयत 20. हाजिरा और इश्माएल के बेर्शेबा जंगल में आकस्मिक अनुभव का विवरण देने के बाद, लेखक ने संक्षिप्त रूप से लड़के के जीवन का सारांश दिया। **परमेश्वर लड़के के साथ था** ज्यों ज्यों वह "बनैले गदहे के समान बनता गया" (16:12) **जो जंगल में रहता था**, समाज के किनारों पर। उसने घुमंतू जीवन शैली अपनाया इश्माएल एक धनुर्धारी बन गया। उसने स्वयं को एक दक्ष शिकारी के रूप में विकसित किया होगा, जिसने उसे शत्रुता भरे वातावरण में जीने के सक्षम किया। बाद में, उसके वंशों में एक वंश "केदार के पुत्र," उनका "धनुर्धारी" और

"वीर योद्धाओं" के रूप में वर्णन किया गया (यशा. 21:17; देखें उत्पत्ति 25:12, 13)।

आयत 21. एक संक्षिप्त अंतिम विवरण वर्णन करता है कि इश्माएल **पारान नाम जंगल में रहता था**, विशाल जंगल जो कनान के दक्षिण भाग से लेकर सिनाय प्रायद्वीप और लाल सागर (अकाबा की खाड़ी) तक फैला हुआ था (गिनती 12:16; 13:3, 26)। क्योंकि हाजिरा एक मिस्री स्त्री थी (16:1, 3; 21:9; 25:12), और क्योंकि वह और इश्माएल उसकी जन्म भूमि के निकट ही रहते थे, उसने अपने **पुत्र के लिये मिस्र देश से एक स्त्री मंगवाई**। प्राचीन पूर्वी देशों की प्रथा के अनुसार, आमतौर पिता अपने पुत्र के लिए पत्नी लाने को निश्चित करता था (24:1-67; 34:4)। इस मामले में, यह सम्भव नहीं था, क्योंकि अब्राहम ने हाजिरा को निकाल दिया था। उसने इसलिए इस ज़िम्मेदारी को अपने ऊपर ले लिया जोकि सामान्य रूप से उसके पति को करनी थी, और उसने सम्भवतः सौदागरों के हाथ से किसी मिस्री दासी को लिया था जो पारान के जंगल में से यात्रा करते थे (देखें 37:28)।

अब्राहम और अबीमेलेक के साथ संधि (21:22-34)

इस नयी कहानी में, ध्यान अब्राहम की ओर मुड़ जाता है, जो फिर स्वयं को अबीमेलेके साथ बातचीत करता हुआ पाता है।

संधि (21:22-26)

22उन दिनों में ऐसा हुआ कि अबीमेलेक अपने सेनापति पीकोल को संग ले कर अब्राहम से कहने लगा, जो कुछ तू करता है उस में परमेश्वर तेरे संग रहता है: 23सो अब मुझ से यहां इस विषय में परमेश्वर की किरिया खा, कि तू न तो मुझ से छल करेगा, और न कभी मेरे वंश से करेगा, परन्तु जैसी करुणा मैं ने तुझ पर की है, वैसी ही तू मुझ पर और इस देश पर भी जिस में तू रहता है करेगा 24अब्राहम ने कहा, मैं किरिया खाऊंगा। 25और अब्राहम ने अबीमेलेक को एक कुएं के विषय में, जो अबीमेलेक के दासों ने बरीयाई से ले लिया था, उलाहना दिया। 26तब अबीमेलेक ने कहा, मैं नहीं जानता कि किस ने यह काम किया: और तू ने भी मुझे नहीं बताया, और न मैं ने आज से पहिले इसके विषय में कुछ सुना।

आयत 22. यह घटना हुई, जैसे कि बाइबल अंश बताता है, **उन दिनों में**। स्वाभाविक रूप से प्रश्न उठता है: "किन दिनों में?" कुछ विद्वान सोचते हैं कि उत्पत्ति का लेखक यहाँ से उन पीछे के दिनों को देखता है जब अब्राहम ने अबीमेलेक के साथ सारा के विषय में झूठ बोला था (20:1-18), इसहाक के जन्म से पहले (21:1-3)। जबकि यह विचार सम्भव है, यह उस तरह की अभिव्यक्ति अधिक दिखाई देती है "उन दिनों में" जिसका अर्थ है उन घटनाओं में कहानीकार ने क्रमकाल का पीछा किया। अन्य शब्दों में, अब्राहम और अबीमेलेक के बीच

संधि इसहाक के जन्म, उसके दूध छुड़ाए जाने और हाजिरा और इश्माएल को निकाले जाने के बाद हुई (21:1-21)।

इस अवसर पर, **अबीमेलेक पीकोल सेनापति** को अपने साथ लाया। नाम "पीकोल" का मूल अनिश्चित है। इसको हुरियन,[11] अनातोलियन,[12] या फलीस्ती के रूप में में जाना गया है (12:32, 34; 26:1, 26), परन्तु यह नाम किसी भी प्राचीन लेखों या शिलालेखों में नहीं पाया गया है। क्योंकि हुरियन को मेसोपोटामिया (ईराक) उत्तर पश्चिम से लेकर अनातोलिया (तुर्की)[13] तक फैला हुआ जाना गया है, गॉर्डन जे. वेन्हाम अनुमान लगाता है कि हो सकता है पीकोल के पुरखे "क्रेते" से होते हुए "एजियन या अनातोलिया से आए हों" ("कप्तोर"; अमोस 9:7), कई पलिश्तियों का मूल निवास।[14]

अबीमेलेक और पीकोल ने अब्राहम की यह कहते हुए प्रशंसा की, **"जो कुछ तू करता है उस में परमेश्वर तेरे संग रहता है।"** उन्होंने कई वर्षों से अब्राहम के धन और सम्पति को बढ़ते हुए देखा, विशेष रूप से उसके पशुओं के बड़े बड़े झुण्ड। इतनी गिनती के पशुओं के लिए चरवाहों और गडरियों की ज़रूरत है जो उनकी रक्षा के लिए प्रशिक्षित किए थे। लगभग 25 वर्ष पहले, अब्राहम की सेवा के लिए 318 पुरुषों ने युद्ध किया था (14:14), और इस समय तक उसके पास उससे भी दोगुनी संख्या में हो गए होंगे। अबीमेलेक और उसका सेनापति अब्राहम के बड़े सेवादल को एक ज़बरदस्त खतरे के रूप में देखा होगा।

पलिश्तियों ने इसलिए उससे मिलने की पहल की। उन्होंने अपनी बात को बड़ी प्रशंसा के साथ आरम्भ किया जो मानते हैं कि परमेश्वर אֱלֹהִים *(एलोहीम)* कुलपति के साथ था, जो भी उसने किया उसमें उसको आशीषित कर रहा था। *इलोहिम* परमेश्वर के लिए प्रयोग किया जानेवाला सामान्य शब्द है और उत्पत्ति की पुस्तक में परदेशियों के द्वारा प्रयोग किए जानेवाला एक सामान्य शब्द है, क्योंकि यह किसी भी देवता पर लागू किया जा सकता है (31:30; 41:38)। अब्राहम के सेवक और उसके अपनों की बीच में तनाव या शत्रुता को रोकने के लिए, अबीमेलेक ने एक संधि करने की इच्छा की, एक अनाक्रमण संधि, इस धनवान और शक्तिशाली परदेशी के साथ।

इन दो व्यक्तियों के बीच यह विचार विमर्श पहली भेंट के कई वर्षों के बाद हुई (20:1-18) क्योंकि उनके बीच की स्थिति अब पूर्णतया विपरीत थी। मूल रूप से, अब्राहम अबीमेलेक की उपस्थिति में अपनी जान को खतरा होने से डर गया था। इसलिए उसने सारा के विषय उससे झूठ बोला और राजा को उसे पत्नी होने के लिए दे दिया। परन्तु, अब, परिस्थितियाँ भिन्न दिखाई दे रही थीं। परमेश्वर की आशीषों ने कुलपति सम्पति को और उसके योद्धाओं की गिनती को बढ़ाया (21:22), और ऐसा लगता है कि राजा अपने देश में इस परदेशी से भयभीत हो गया था।

आयत 23. इसलिए, अबीमेलेक अपने सेनापति के साथ आया और अब्राहम के साथ संधि करने की बात की। उसने बिनती की कि कुलपति अपने परमेश्वर के

नाम से शपथ खाए कि वह उसके साथ या न उसके वंश के साथ या आने वाली पीढ़ी के साथ छल नहीं करेगा। अन्य शब्दों में राजा एक संधि करना चाहता था जिसमें अब्राहम परमेश्वर के सामने शपथ खाए कि वह कभी उसके लोगों पर आक्रमण नहीं करेगा या उसके राज्य को या भावी राजवंश उखाड़ने का प्रयास नहीं करेगा। अबीमेलेक ने मांग की कि अब्राहम उस पर वैसी **दया करे** (חֶסֶד, *चेसड*, "निष्ठापूर्ण आचरण" या "अटल प्रेम") जो कुलपति पर दर्षाई गई थी जब वह **देश** (גּוּר, *गुर)*, "परदेशी के समान रहा") में परदेशी था।

आयत 24. अब्राहम ने झट से कहा**, "मैं शपथ खाता हूँ।"** भले ही हम कुलपति के द्वारा खाई गई शपथ को ही पढ़ते हैं, हम जानते हैं कि दोनों ही व्यक्तियों के द्वारा अनाक्रामण संधि को वैध होने के लिए ऐसा किया जाना था। इसलिए, इस संस्कार के विवरण को पूरा होने पर, कहानीकार ने दोनों ही व्यक्तियों की शपथ के कथन को विश्वासयोग्यता से पालन करने के लिए शामिल किया है "शपथ खाई" (21:31)। सम्भवतः, पहले इसका वर्णन नहीं किया था क्योंकि इसको ऐसे भी समझा जा सकता था कि वह जो वाचा बांधता है इसके प्रति निष्ठावान होने के लिए शपथ खाएगा। एक ही प्रश्न था क्या अब्राहम अबीमेलेक के लिए ऐसा वायदा करेगा या नहीं। जैसे ही वह ऐसा करने के लिए सहमत हुआ, तो संस्कार की बाकी रस्म पूरी की गई।

आयत 25. इससे पहले कि यह दो व्यक्ति इस वाचा की पुष्टि करते, **अब्राहम** एक उलाहने को सामने लाया, जिस पर बात करना ज़रूरी था। उसने **अबीमेलेक को उलाहना दिया कि अब्राहम के दासों ने पानी का एक कुआँ खोदा था** (देखें 26:15, 18) और **अबीमेलेक के दासों ने उसे छीन लिया था**। यह कुलपति के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षण का मामला था। वह राजा और उसके लोगों पर "दया" चेसड दर्शाने के लिए वह पहले ही शपथ ले चुका था (21:23, 24), वह अबीमेलेक के दासों के साथ अपनी शपथ को उल्लंघन किए बिना उनके अपराध के लिए दण्ड नहीं दे सकता था। इसलिए अब्राहम के लिए एक ही उपाय था कि वह इस मामले में न्याय के लिए अबीमेलेक से बिनती करे।

आयत 26. कुलपति का कुआँ हथियाने का उलाहना आज हमें सम्भवत गम्भीर अपराध दिखाई न दे, अर्द्ध शुष्क भूमि में लोगों और जानवरों के यह एक जीवन मृत्यु का एक सशक्त मामला था। उस प्रतिज्ञा का क्या महत्व होता जो अब्राहम उसे देश में **अबीमेलेक** के समीप शान्ति में रह सकता यदि उसके पास इसके पानी का अधिकार न होता?

यह विषय इस नयी संधि के लिए एक अच्छा परीक्षण था। अब्राहम सीखना चाहता था कि हो या न हो राजा उसके साथ सही तरीके से निपटारा करे और उसके जिन दासों ने गलती की थी उन्हें सुधारे। आखिरकार, अबीमेलेक ने उसे बुलाया था, और जो उसके साथ लोग थे वह उसी के लोग थे, जो उसके देश के आस पास रहते थे (20:15)। अपने जीवनयापन के लिए देश और इसके पानी के प्रयोग पर यह सामान्य रूप से लक्षित था। राजा ने इस बात से अपनी

